BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL
PERIODIC TEST-2 (2024-25)
HINDI

Class : VIII — Duration : **1.00 Hrs**
Date : 05-12-2024 — Max. Marks: **25**
Admission No.: — Roll No.:

General Instructions:-

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- [5]

भारतवर्ष के इतिहास में मेवाड़ अपनी वीरता के लिए प्रसिद्ध है | यहाँ के स्त्री पुरुषों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए वीरता पूर्वक युद्ध लड़े तथा आत्मबलिदान किए | राजपूतों ने अपने जीते -जी शत्रु को अपनी पवित्र भूमि पर पाँव नहीं रखने दिए | पृथ्वीराज चौहान से लेकर महारानी पद्मावती के बलिदानों की कहानी आज विश्व भर में गूँज रही है | वीरता के ऐसे उदाहरण विश्व के इतिहास में बहुत कम दिखाई देते हैं | यों तो मेवाड़ के सभी क्षत्रिय राजपूत वंश वीरता और साहस के लिए सदा से प्रसिद्ध है, किन्तु उनमेँ उदयपुर का सिसोदिया और जोधपुर का राठौर वंश मुख्य रूप से बहुत लोकप्रिय हैं | इन्हीं दोनों क्षत्रिय वंशों के वीरों के वीरों ने मेवाड़ के मस्तक को ऊँचा किया और उसकी यश की पताका को दुनिया में बहुत दूर तक फहराया है |

मीराबाई जोधपुर के इसी राठौर वंश में १५०४ ईसवी में पैदा हुईं थीं | इनके पिता का नाम रतन सिंह जी राठौर था | इनके परदादा का नाम महाराव जोधा था, जिन्होंने जोधपुर बसाया था |

(i) संसार मेवाड़ को किस रूप में जानता है -

(a) इतिहास **(b)** वीरता **(c)** सम्पन्नता **(d)** गुलामी

(ii)मेवाड़ के स्त्री-पुरुष में क्या समानता थी?

(a) मातृभूमि की रक्षा करना **(b)** महल बनाना **(c)** हार मानना **(d)** छिप जाना

(iii) मस्तक ऊंचा करने का आशय है

(a) सिर ऊपर करना **(b)** गर्व अनुभव करना **(c)** पगड़ी पहनना **(d)** सर छिपाना

(iv) मीराबाई के पिता का नाम था

(a) राव जोधा **(b)** रतन सिंह **(c)** सवाई सिंह **(d)** दौलत सिंह

(v) निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को पढ़िए | इसके बाद दिए गए विकल्पों में सही विकल्प चुनिए |

कथन **(A):** राजपूतों ने अपने जीते -जी शत्रु को अपनी पवित्र भूमि पर पाँव नहीं रखने दिया |

कारण **(R):** अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए राजपूतों ने शत्रुओं पर सदैव विजय प्राप्त की |

(a) कथन **(A)** गलत है लेकिन कारण **(R)** सही है

(b) कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों गलत हैं

(c) कथन **(A)** सही है लेकीन कारण **(R)** उसकी गलत व्याख्या करता है |

(d) कथन **(A)** तथा कारण **(R)** दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है |

प्रश्न**.2** समास को पहचानकर उसका नाम लिखिए **:-** **[2]**

(i) पंचवटी में कौन सा समास है **-**

(ii) लाभ**-**हानि में कौन सा समास है**-**

प्रश्न**.3** दिए गए वाक्यों में उद्देश्य और विधेय पहचानकर लिखिए **:-** **[2]**

(i) दीना दोनों बहनों की बाते सुन रहा था |

(ii) दशरथ अयोध्या के राजा थे |

प्रश्न**.3** दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए**:-** **[1]**

(i) फूला न समाना

प्रश्न **4** नीचे दिए गए लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए **–** **[5]**

(i) बड़ी बहन का विवाह किसके साथ हुआ था?

(ii) दीना ने जमींदार से क्या खरीदा?

(iii) मुहम्मद अली कौन थे और उनका जन्म कहाँ हुआ था?

(iv) सरदार ने दीना को जमीन खरीदने की क्या शर्त बताई?

(v) पुलिस ऑफिसर ने मोहम्मद अली को क्या समझाया?

प्रश्न 5 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[6]**

(i) सूरज डूबने से पहले वापस लौटते समय दीना की दशा का वर्णन कीजिए?

(ii) आखिर कितनी जमीन कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?

(iii) अली को किस बीमारी के बारे में पता चला और उन्होंने क्या किया?

प्रश्न**.6** दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए **:-** **[4]**

(i) सूर्योदय का दृश्य

(ii) किसान का जीवन

अथवा

कक्षा में प्रथम आने की सूचना देते हुए चाचा जी को पत्र लिखिए |

-- सामाप्त --